आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त– राहत और बचाव कार्य यूद्धस्तर पर जारी।
- विमान दुर्घटना पर दुनिया भर के नेताओं ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।
- ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रशासन की सक्रियता बढ़ी।
- ओलम्पिक दिवस समारोह पर होंगे दौड़ और बैडमिन्टन कार्यक्रम।

<><><><><><><>

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का यात्री विमान कल अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघानी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान संख्या एआई–171 के इस विमान में दो सौ बयालीस लोग सवार थे। चमत्कारिक रूप से सीट नम्बर ग्यारह ए के यात्री रमेश विश्वास कुमार जीवित बच गए हैं। वहीं, केन्द्रीय मंत्री सी आर पाटिल ने कहा है कि गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की इस दर्दनाक हादसे में मृत्यु हो गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह एक हृदय विदारक आपदा है और उनकी संवेदनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दुर्घटना को शब्दों से परे हृदय विदारक बताया है। श्री मोदी ने कहा कि वे मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हैं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी दुर्घटना के बारे में गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से बात की है। वहीं, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गांधी नगर से सांसद अमित शाह ने घटना के बारे में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह पटेल और राज्य के गृह मंत्री से विमान हादसे पर बात की।

<><><><><><><>

अहमदाबाद विमान दुर्घटना में प्रभावित लोगों के प्रति दुनियां भर के नेताओं ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। विमान दुर्घटना में सबसे ज्यादा ब्रिटेन के तिरेपन नागरिक मारे गए हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि कई ब्रिटिश नागरिकों को ले जा रहे विमान का दुर्घटनाग्रस्त होना विनाशकारी है। इस दुखद समय में उनकी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस दुखद घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शोक

संदेश भेजा है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग और अन्य नेताओं ने विमान दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़ू ने भी भारत सरकार और लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि उनका देश इस दुर्घटना से बहुत व्यथित है।यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने हादसे पर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लयेन ने कहा कि यूरोप दुख की इस घड़ी में भारत के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

<><><><><><><>

नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना स्थल पर पहुँच गए हैं। श्री नायडू घटना वहां स्थिति का निरीक्षण और बचाव तथा राहत कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। वह डीजीसीए, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, एयर इंडिया, एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ समन्वय भी कर रहे हैं ताकि सभी आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जा सके। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि सभी विवरणों के समन्वय के लिए मंत्रालय में एक परिचालन नियंत्रण कक्ष सक्रिय किया गया है, जिसका संपर्क नंबर 011–24610843 और 9650391859 है। भारतीय सेना ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के बाद चल रहे मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयासों में स्थानीय प्रशासन की सहायता के लिए लगभग एक सौ तीस कर्मियों वाली टीमों को तैनात किया है। हमारे आकाशवाणी संवाददाता ने बताया कि अहमदाबाद में आर्मी कैंटोनमेंट में भारतीय सेना ने दुर्घटनास्थल तक आसान पहुंच के लिए अपनी चारदीवारी तोड़ दी है। सी आई एस एफ ने कहा है कि उसके कर्मियों ने तुरंत आपातकालीन प्रोटोकॉल सक्रिय किया और दुर्घटनास्थल पर पहुंचे।

<><><><><><><>

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रशासन ने इक्कीस जून को आई डी वाई (इंटरनेशनल डे ऑफ योगा) के लिए अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। तैयारियों का कार्यक्रम इस प्रकार है– योग बंधन गतिविधि के तहत चौदह जून को सुबह सात से आठ बजे तक नेशनल मेमोरियल सेल्यूलर जेल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं दूसरी गतिविधि फ्लैश मॉब के तहत होने वाला कार्यक्रम चाथम जंक्शन और अबरडीन बाजार में सोलह जून को सुबह साढ़े नौ बजे आयोजित होगा। वहीं फ्लैश मॉब की दूसरी गतिविधि में बस स्टॉप भातुबस्ती और गोलघर में सत्रह जून सुबह साढ़े नौ बजे कार्यक्रम का आयोजन होगा।

<><><><><><>

डाक विभाग ने शैक्षिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक पुस्तकों की सुगम और सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष डाक सेवा शुरू की है। यह पहल नई शिक्षा नीति के लक्ष्य के अनुरूप है और इसका उद्देश्य छपी शैक्षणिक सामग्री को दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों सहित देशभर में किफायती रूप से पंहुचाना है। ज्ञान पोस्ट के माध्यम से देश के सभी डाकघरों से तीन सौ ग्राम की पुस्तकों के पैकेट के लिये बीस रुपये और पांच किलोग्राम तक के पैकेट के लिये सौ रुपये की न्यूनतम दर लगेगी। इस दर में लागू कर शामिल नहीं है। पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए प्रेषित सामग्री की ट्रैकिंग भी की जा सकेगी। इस बारे में विस्तृत जानकारी निकट के डाकघर या भारतीय डाक की आधिकारिक वेबसाईट से ली जा सकती है।

<><><><><><>

राज्य ओलम्पिक संघ तेईस जून को ओलम्पिक दिवस समारोह आयोजित करेगा। इस अवसर पर श्री विजयपुरम में ओलम्पिक दिवस दौड़ का आयोजन किया जाएगा और इसके साथ ही तेईस से पच्चीस जून तक श्री विजयपुरम में परिचय मेमोरियल बैडमिन्टन चैम्पियनशिप का भी आयोजन किया जाएगा। इच्छुक नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपना पंजीकरण इक्कीस जून या उससे पहले ए एन एस ओ ए में करा लें। वहीं, लड़के और लड़कियां अंडर–11, अंडर–13, अंडर–15, अंडर–17 और अंडर–19 तथा सीनियर पुरूष और महिलाएं बैडमिन्टन स्पर्धाओं में आमंत्रित हैं और वे भी अपना पंजीकरण इक्कीस जून तक करा लें।

<><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को निर्देश दिया है कि वे अपनी सभी शाखाओं और गैर–गृह शाखाओं सहित, निष्क्रिय खातों और दावा न की जा रही जमा राशि खाते को सक्रिय बनाने के लिए केवाईसी–ग्राहक को जानो को अद्यतन कराएं। रिज़र्व बैंक ने कहा कि बैंकों को वीडियो–ग्राहक पहचान प्रक्रिया द्वारा निष्क्रिय खातों और लावारिस जमा राशि खातों को केवाईसी अद्यतन की सुविधा प्रदान करने के प्रयास करने चाहिए। रिज़र्व बैंक ने ऐसे निष्क्रिय खातों को सक्रिय बनाने के लिए अधिकृत बैंकिंग सेवा प्रतिनिधियों की सहायता लेने को भी कहा।

<><><><><><>

टुसनाबाद क्षेत्र में सरकार के अंतर्गत आने वाली एक हजार वर्ग मीटर भूमि पर अवैध बाड़ लगाकर किए अतिक्रमण को हटा दिया गया है। अतिक्रमित क्षेत्र को तुरंत उसकी मूल स्थिति में बहाल कर दिया गया। इस कार्य से ज़िला प्रशासन द्वारा सार्वजनिक भूमि की रक्षा करने और कब्जा को रोकने के लिए प्रशासन की इच्छाशक्ति की पुष्टि हुई। यह अभियान अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भूमि राजस्व एवं भूमि सुधार विनियमन उन्नीस सौ छियासठ के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत चलाए गए। किसी भी पूछताछ या शिकायत मामले में ज़िला नियंत्रण कक्ष से संपर्क किया जा सकता है। जानकारी देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

**<><><><><><><>**